धर्म संसद में भड़काऊ भाषण न हो: सुप्रीम कोर्ट

अदालत से

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के पुलिस-प्रशासन को गाजियाबाद में प्रस्तावित 'धर्म संसद' पर नजर रखने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि कार्यक्रम में किसी भी तरह के भड़काऊ भाषण न हों। हालांकि, सीर्ष अदालत ने यति नरसिंहानंद द्वारा प्रस्तावित 'धर्म संसद' मामले में यूपी सरकार के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

हरिद्वार में भी धर्म संसद नहीं हो सकी

अनुमति नहीं मिलने से गाजियाबाद के बाद हरिद्वार के जूना अखाड़े में भी गुरुवार को संतों की धर्म संसद नहीं हो सकी। अनुमति के लिए महंत यति नरसिंहानंद गिरी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को पत्र लिखा था, लेकिन प्रशासन ने आयोजन नहीं होने दिया। नरसिंहानंद ने बताया कि हरिद्वार प्रशासन के साथ हुई बैठक में रास्ता छका गया है कि धर्म संसद की अनुमति नहीं दी जा सकती।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यूपी सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज से कहा कि 'कृपया अधिकारियों से कहें कि वे धर्म संसद कार्यक्रम में जो कुछ भी हो रहा है, उस पर नजर रखें। सीर्ष अदालत ने कहा कि 'नोडल अधिकारियों को इस बात पर नजर रखनी चाहिए कि धर्म संसद में क्या हो रहा है। पीठ ने पुलिस प्रशासन से सुप्रीम कोर्ट के 28 अप्रैल, 2023 के आदेश का पालन सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया।

इस आदेश में शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को बिना किसी शिकायत के नफरती भाषण मामलों में आपराधिक कानून की संबंधित धारा के तहत स्वतः संज्ञान लेते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था। यति नरसिंहानंद पर उत्तराखंड में दर्ज कर आठ मुकदमों समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया है।

कॉल सेंटर के मैनेजर ने बताया कि उद्योग विहार फेज-2 से फरवरी 2024 से कॉल सेंटर चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 17 सीपीयू बरामद किए। आरोपियों को 30 हजार से डेढ़ लाख तक वेतन दिया जाता था।

फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, 18 दबोचे

गुरुग्राम। अमेरिकी के लोगों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पुलिस ने पर्दाफाश किया। साइबर थाना दक्षिण में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आठ युवतियों समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गोल्ड मेट्रो लाइन का कालिंदी कुंज तक विस्तार की तैयारी

प्रोजेक्ट अपडेट

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से नोएडा एक्सपोर्ट की राह आसान करने के लिए गोल्ड मेट्रो लाइन को कालिंदी कुंज तक लाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

यह मेट्रो ट्रैक फिलहाल दिल्ली एरो सिटी से तुगलकाबाद तक निर्माणाधीन है। इसके कालिंदी कुंज से जुड़ने के बाद बॉटनिकल गार्डन तक सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। डीएमआरसी के मुख्य परियोजना प्रबंधक शिव औम त्रिपेठी की ओर से समुना प्राधिकरण को भेजे गए प्रस्ताव के मुताबिक तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक पांच किलोमीटर का एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक बिछेगा। सरिता विहार और मदनपुर खादर दो स्टेशन बनने पहुंचेंगे। ट्रैक के निर्माण में 950 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

रेवाड़ी में पांच घंटे बाद तेंदुआ पकड़ा

रेवाड़ी। गांव कनुका में बुधवार शाम तेंदुआ के घुसने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पाकर गुरुग्राम से वाइल्ड लाइफ और वन विभाग की टीम ने पांच घंटे की मशक्कत के बाद उसे जाल में फंसाकर काबू कर लिया।

गांव के युवक मुकेश भारद्वाज की टीन शेड लगे प्लॉट में बैठे तेंदुए पर नजर पड़ी। उसने समझदारी और बहादुरी दिखाते हुए प्लॉट के गेट को बंद कर दिया और इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। इसके बाद तेंदुआ बाहर निकलने के लिए छटपटाने लगा।

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड्स www.livehindustan.com
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 1800 103 1800

व्यापार

जय/ आय

मेकलेस्टिल्स कंपनी
मेकलेड फाइनेंसर्स लिमिटेड
(RBI Regd. No. MFL65341306)
पोषणीय | घोषणीय
पर्यावरण | बिजनेस
पर्यटन | धनलेख
निवेशकों के हितों का संरक्षण
2% | 8% | 10%
ब्याज दर | ब्याज दर | ब्याज दर
पोस्ट ऑफिस की ब्याज दरों से कहीं ज्यादा
18001235525

फोन घुमाओ लगन लाल पाओ
Online कर 2% से 50% लोन
कार लोन, पर्सनल लोन, बिजनेस लोन, मॉर्गेज लोन, इंश्योरेंस प्लान
व्यापार्थ सलाहकार सहायक
बोरोजगारों, महिलाओं व किसान के लिए विशेष छूट
9412925809

ज्योतिष

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
1 घण्टे में 3 समस्याओं का समाधान
तांत्रिक मास्टर विक्की खान
बाबा कबीर सिंह जी
बंगाली बाबा
जन्म कुंडली दोष नहीं, तांत्रिक क्रियाओं द्वारा ग्रह दोष निवारण
जो पंडित नहीं कर पाए वो हम करेंगे
सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध
सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध
सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध